# यूपी में निवेश बढ़ाने और ईज ऑफ डुइंग बिजनेस की दिशा में बेहतर कार्य : पीएम

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी में बढ़ रहे निवेश की सराहना की है। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यालय के एक ट्वीट को रिट्वीट करते हुए लिखा



कि उत्तर प्रदेश ने पिछले चार वर्षों के दौरान निवेश बढ़ाने और ईज ऑफ डुइंग बिजनेस को सुधारने में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। गौर करने वाली बात यह है कि छोटे शहर और ग्रामीण इलाके भी इन उपलब्धियों के साक्षी बन रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट करके कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व का ही सुफल है कि इन्वेस्ट इंडिया विश्व की सबसे नवोन्मेषी निवेश संवर्धन एजेंसी के रूप में सम्मानित हुई है। कोरोना महामारी में भी इन्वेस्ट इंडिया ने देश में निवेश की गति को बरकरार रखने में उल्लेखनीय कार्य किया है। सभी को बधाई। ब्यूरो